शुक्रवार
02 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4

**हाथों में मौजूद होते हैं दबाव बिंदु, कई समस्याओं का कर सकते हैं निवारण**



पृष्ठ 5

**जूनियर एनटीआर की रणबीर की फिल्म में होगी एंट्री**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 206
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

हँसमुख व्यक्ति वह फुहार है जिसके छींटे सबके मन को ठंडा करते हैं।
— अज्ञात

### भर्ती घोटालों पर चौतरफा हंगामा

## प्रेमचंद्र अग्रवाल इस्तीफा दें: कांग्रेस



विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में भर्ती घोटालों पर अब चौतरफा हंगामा बरपा हुआ है। कांग्रेस ने आज विधानसभा सहित तमाम अलग-अलग शहरों और स्थानों पर सीबीआई जांच और पूर्व स्पीकर प्रेमचंद्र अग्रवाल के मंत्री पद से इस्तीफे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। वही श्रीनगर गढ़वाल में छात्रों ने सड़कों पर उतर कर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला तथा ऋषिकेश स्थित अग्रवाल के आवास पर भी युवाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। वही रुद्रप्रयाग में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे मोहित डिमरी की हालत बिगड़ने पर पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में कांग्रेसी

**❑ऋषिकेश में अग्रवाल के आवास पर प्रदर्शन**
**❑श्रीनगर गढ़वाल में छात्रों का सरकार के खिलाफ आक्रोश**

नेता व विधायकों ने विधान सभा के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान करन माहरा ने कहा कि भाजपा नेताओं ने निर्लज्जता की हदें पार कर दी है और वह अनुचित तरीके से भाजपा व संघ के नेताओं के बच्चों को नौकरियां दिए जाने को अपना संवैधानिक विशेषाधिकार बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अव्वल तो संविधान किसी स्पीकर को ऐसा विशेषाधिकार देता नहीं है लेकिन अगर यह उनका विशेषाधिकार भी था तो वह धृतराष्ट्र बनने के लिए नहीं था, जनता के कल्याण के लिए होता है विशेषाधिकार। उन्होंने जिस तरह तमाम भाजपा नेताओं के बच्चों को नौकरियां दी वह कैसा विशेषाधिकार है उन्होंने कहा कि स्पीकर रहते हुए पहले 72 सगे संबंधियों को नौकरी दी और फिर 5 साल बाद वित्त मंत्री बनने पर उनके वेतन के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी गई। उन्होंने कहा कि यह प्रेमचंद अग्रवाल और उन भाजपा नेताओं का जिनके बच्चों व सगे संबंधियों को नौकरी मिली उनका सोचा समझा षड्यंत्र है।

पत्रकारों द्वारा जब कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई भर्तियों पर सवाल किया

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## अंतरजातीय प्रेम विवाह करने पर दलित नेता की बेरहमी से हत्या



**❑ससुराल पक्ष के तीन हत्यारोपी गिरफ्तार**

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। अंतरजातीय प्रेम विवाह करने पर एक दलित नेता की उसके ससुराल पक्ष ने हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने हत्यारों की कार से दलित नेता का शव बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वर्ग संघर्ष की आंशका को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया है।

मामला अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण का है। जानकारी के अनुसार प्रेम विवाह करने पर ससुराल पक्ष द्वारा बीते रोज उत्तराखण्ड परिवर्तन पार्टी के दलित नेता जगदीश चंद्र की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि सल्ट के पनुवाधौखन निवासी जगदीश चंद्र पुत्र केश राम और भिकियासैंण निवासी गीता उर्फ गुड्डी ने बीती 21 अगस्त को गैराड़ मन्दिर में प्रेम विवाह कर लिया था। इस प्रेम विवाह से गीता उर्फ गुड्डी के परिजन नाराज थे। शादी से पहले गीता अपने सौतेले पिता जोगा सिंह, सौतेले भाई गोविंद सिंह व भावना पत्नी जोगा सिंह के साथ रहती थी। जिन्होने बीते रोज जगदीश चंद्र को भिकियासैंण में दबोच लिया जिसके बाद वह उसे एक वाहन से अपहरण कर ले गये और उसकी हत्या कर दी। सूचना

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## हाथी कॉरिडोर पर किसी भी तरह के होटल, रेस्टोरेंट व रिजॉर्ट का निर्माण नहीं होना चाहिए: हाईकोर्ट

नैनीताल। कॉर्बेट पार्क में हाथी कॉरीडोर को लेकर नैनीताल हाईकोर्ट ने बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। चीफ जस्टिस ने सरकार को कहा है कि रामनगर मोहन रोड में हाथी कॉरिडोर पर किसी भी तरह का होटल, रेस्टोरेंट और रिजॉर्ट का निर्माण नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने इन इलाकों को इको-सेंसिटिव जोन का दर्जा देने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने इंडिपेंडेंट मेडिकल इनीशिएटिव संस्था की वर्ष 2019 की जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान रामनगर-मोहन मार्ग पर स्थित मलानी-कोटा, चिल्किया-कोटा, दक्षिण पातलीदून- चिल्किया हाथी कॉरिडोर पर क्षमता से अधिक व्यवसायिक निर्माण एवं रात में अत्यधिक ट्रैफिक पर विचार किया गया। साथ ही इस संबंध में भारत सरकार के प्रोजेक्ट एलिफेंट की सर्वे रिपोर्ट, इस सड़क के सैटेलाइट मानचित्र और सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2020 में देश भर के एलीफेंट कॉरिडोर संरक्षण के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के तहत अदालत ने ये आदेश पारित किए हैं। कोर्ट ने इस तथ्य का भी संज्ञान लिया कि इस क्षेत्र में हुए अंधाधुंध अवैज्ञानिक व्यवसायिक निर्माण से हाथियों को नदी तक पहुंचने का अपना रास्ता बार-बार बदलना पड़ा है। इससे गजराजों के व्यवहार में भी परिवर्तन आया है। सारे तथ्यों और रिपोर्ट का संज्ञान लेने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आदेश जारी किए।

## देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 6,168 नए मामले दर्ज

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,168 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,44,42,507 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 59,210 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 21 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,27,932 पर पहुंच गई है।

इन 21 मामलों में वे दो लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में डाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण



के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 59,210 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.13 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,538 की कमी दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.68 प्रतिशत हो गई है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 1.94 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.51 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,38,55,365 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# लपेटे में नेता व अधिकारी

उत्तराखंड राज्य का भर्ती घोटाला कोई मामूली घोटाला नहीं है। राज्य गठन के बाद सरकारी नौकरियों की खरीद-फरोख्त और लूटपाट के इस अति गंभीर मामले से जैसे-जैसे पर्दा उठ रहा है, चौंकाने वाले तथ्यों से सभी हैरान परेशान हैं। कोई सोच भी नहीं सकता था कि इतने व्यापक स्तर पर नकल माफिया व नेता तथा नौकरशाह खेला कर सकते हैं। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से लेकर विधानसभा अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारी और नेताओं ने नियम कानूनों की जिस तरह धज्जियां उड़ाई है वह अनैतिकता और भ्रष्टाचार की मिसाल है। जांच के दायरे में सिर्फ अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कराई गई भर्तियां ही नहीं है। विधानसभा और सचिवालय में हुई भर्तियों के अलावा अन्य अनेक विभागों जिसमें पुलिस से लेकर वन और ऊर्जा से लेकर सहकारिता तक दर्जन भर से अधिक विभाग ऐसे हैं जिनमें हुई भर्तियां अब जांच के दायरे में है। मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर एसटीएफ द्वारा पेपर लीक मामले की जांच ही नहीं की जा रही है वह विधानसभा और दरोगा भर्ती की जांच के आदेश भी दे चुके हैं। इतने व्यापक स्तर पर हुई इन धांधलियों की जांच भले ही आसान काम नहीं है और न भर्ती घोटाले के आरोपियों को जेल पहुंचाना संभव है लेकिन वर्तमान सरकार इन मामलों की जांच से अब पीछे कदम भी नहीं ले सकती है क्योंकि ऐसा करने पर उसकी बड़ी छीछालेदर हो सकती है। यही कारण है कि पुष्कर सिंह धामी द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को खत लिख कर न सिर्फ जांच का अनुरोध किया है अपितु अनुचित तरीके से की गई भर्तियों को रद्द करने को भी कहा गया है। वही वह दरोगा भर्ती मामले की विजिलेंस जांच के आदेश भी दे चुके हैं। बीते कल आयोग के पूर्व सचिव बडोनी को निलंबित किए जाने और सीएम द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को खत लिखे जाने से यह तय हो गया है कि यह आग सहज बुझने वाली नहीं है। विधानसभा एक संवैधानिक संस्था है और विधानसभा अध्यक्ष का पद सर्वोच्च संवैधानिक पद है। ऐसी स्थिति में अगर विधानसभा अध्यक्ष अपने पद की मर्यादा व गरिमा को ताक पर रखकर अवैध नियुक्तियां करने का काम करते हैं तो क्या उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। खैर उत्तराखंड अब नए-नए इतिहास रच रहा है। पहली बार आय से अधिक संपत्ति के मामले में कोई आईएएस अधिकारी जेल गया अब आयोग के पूर्व सचिव को निलंबित किया गया देखना होगा कि आगे कौन-कौन अधिकारी और किस किस नेता की बारी आने वाली है एक बात जरूर है कि अगर इन भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच हुई तो सूबे के कई अधिकारी व नेता जेल जा सकते हैं। जम्मू कश्मीर सरकार की तरह उत्तराखंड की सरकार को इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की पहल करनी चाहिए जिससे शासन-प्रशासन में जमा गंदगी की सफाई हो सके।

# सीएम धामी ने मसूरी में शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मसूरी में शहीद हुए राज्य आन्दोलनकारियों के परिवारजनों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के बलिदान के कारण ही हमें उत्तराखण्ड राज्य मिला। उत्तराखण्ड राज्य आन्दोनकारियों ने जिस उद्देश्य से अलग राज्य की मांग की थी, उसके अनुरूप ही राज्य को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्य बनाने के लिए 10 साल का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। 2025 में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनायेगा, तब तक सभी विभागों को लक्ष्य दिया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मसूरी में गढ़वाल सभा के भवन निर्माण के लिए 1.50 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी जा चुकी है, इसके लिए और धनराशि की आवश्यकता होगी, तो वह दी जायेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म के माध्यम से राज्य आन्दोलनकारियों का चित्रण हो इसकी व्यवस्था की जायेगी। जिससे राज्य के युवाओं को राज्य आन्दोलनकारियों की वीरगाथाओं को दिखाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में हमारी माताओं और बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के लिए पुरजोर पैरवी की जायेगी। इसके लिए सरकार उच्चतम न्यायालय जाने की तैयारी कर रही है। राज्य आन्दोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण का परीक्षण कर उचित समाधान निकाला जायेगा। सिपनकोट के लोगों की पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ वीरभूमि भी है। उत्तराखण्ड के चारधाम देश-दुनिया के लोगों के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री केदारनाथ की पवित्र भूमि से कहा कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस बार चारधाम यात्रा में अभी तक 30 लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं। कांवड़ यात्रा में भी चार करोड़ से अधिक शिवभक्त देवभूमि उत्तराखण्ड आये। पहली बार कांवड़ यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा अलग से बजट की व्यवस्था की गई।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में मसूरी गोलीकांड एक महत्वपूर्ण घटना है। खटीमा एवं मसूरी से अलग राज्य निर्माण आन्दोलन को गति मिली। राज्य सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के प्रति संवेदनशील है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, काशी सिंह ऐरी, मसूरी नगर पालिका परिषद् के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, मसूरी नगर पालिका परिषद् के पूर्व अध्यक्ष मन्नू मल, मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल, राज्य आन्दोलनकारी रवीन्द्र जुगरान, बलजीत सिंह सोनी मौजूद थे।

# खुराना व अजय को मिला एफआईसीसीआई स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड

संवाददाता

देहरादून। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) द्वारा केवल खुराना व अजय सिंह को स्मार्ट पुलिस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में फेडरेशन ऑफ इंडियन चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ( एफआईसीसीआई) द्वारा केवल खुराना, पुलिस महानिरीक्षक, एससीआरबी और अजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड ने दोनों अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन आगे भी बेहतर पुलिसिंग में जारी रखने हेतु प्रेरित किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) द्वारा प्रत्येक वर्ष पुलिसिंग में बेहतर कार्य करने पर यह सम्मान प्रदान किया जाता है। एफआईसीसीआई द्वारा वर्ष 2021 के लिए केवल खुराना, पुलिस महानिरीक्षक, एससीआरबी को पहला अवार्ड रोड सेफ्टी एण्ड ट्रेफिक मैनेजमेंट श्रेणी के तहत सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था हेतु बनाए गए उत्तराखण्ड ट्रेफिक आई एप के लिए दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक केवल खुराना द्वारा निदेशक यातायात, उत्तराखण्ड के पद पर रहते हुए राज्य में आये दिन लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने एवं यातायात व्यवस्था को सदृढ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। इस दौरान 29 फरवरी, 2020 को उनके निर्देशन में यातायात निदेशालय द्वारा उत्तराखण्ड ट्रेफिक आई का शुभारम्भ किया गया, जिसका उद्देश्य यातायात व्यवस्था बनाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही किये जाने में आम जनता को उत्तराखण्ड पुलिस की आँखों की तरह प्रयोग कर उनका सहयोग लेना है।




एफआईसीसीआई द्वारा दूसरा अवार्ड अजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ को साइबर क्राईम मैनेजमेंट श्रेणी में स्मार्ट पुलिसिंग की पहलों के लिए शुरू किए गए ई सुरक्षा चक्र 2.0 के लिए प्रदान किया गया। स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखण्ड राज्य में घटित गम्भीर प्रकृति के अपराधों एंव साइबर क्राईम के अपराधों की रोकथाम हेतु नोडल एजेन्सी के रुप में कार्यरत है। स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा सयुक्त रुप से घटित साइबर क्राईम, वित्तीय हानि के अपराधों के प्रति आम जनता को जागरुक किये जाने हेतु व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है । साथ ही समय समय- पर सम्पूर्ण भारतवर्ष से ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी कर साइबर क्राईम के अपराधों में काफी हद तक अंकुश लगाया गया है। स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा साइबर क्राईम के क्षेत्र में उच्च कार्यदक्षता का परिचय दिया गया तथा उत्तराखण्ड की वह प्रथम एजेन्सी बनी जिसके द्वारा क्रिप्टो करेन्सी के माध्यम से धोखाधडी करने वाले अपराधियों के विरुद्व कानूनी कार्यवाही कर ऐसे अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। साथ ही मेंवात (राजस्थान/झारखण्ड) के ऐसे दुर्गम क्षेत्रो में जहाँ पर साइबर अपराधियों द्वारा साइबर अपराध सम्बन्धी घटनाओं को कारित किया जा रहा था स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा ऐसे दुर्गम स्थानों पर अपनी पकड़ बनाते हुये इन क्षेत्रो से साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुचाया गया। देश की विभिन्न नोडल एजेन्सियों से सम्पर्क स्थापित कर साइबर क्राईम के क्षेत्र में बढ रहे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। साइबर अपराधों से निपटने के लिए साइबर हैकाथॉन का दूसरा संस्करण (हैकाथॉन 2.0) आयोजित करने वाली देश की पहली राज्य पुलिस बनी।

# अब शशि थरूर ने उठाई इलेक्टोरल रोल सार्वजनिक करने की मांग!

नई दिल्ली । कांग्रेस में 17 अक्टूबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव होना है। इसी बीच चुनाव के लिए मतदाता सूची जारी करने की मांग जोर शोर से उठ रही है। पहले मनीष तिवारी ने श्फ्री और फेयरश चुनाव के लिए इलेक्टोरल रोल यानी मतदाता सूची को सार्वजनिक करने की बात कही। अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण (सीईए) के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री को पत्र लिखकर इलेक्टोरल रोल सार्वजनिक करने के लिए कहा है।शशि थरूर ने यह मांग ऐसे वक्त पर उठाई जब उनके अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे पहले असम से कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलाई ने भी पत्र मिस्त्री को पत्र लिखकर यही मांग की थी। कांग्रेस उम्मीदवार को चुनाव में नामांकन करने के 10 पीसीसी प्रस्तावकों का समर्थन होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, नेताओं का कहना है कि इन प्रस्तावकों के बारे में जानकारी होना जरूरी है, नहीं तो इनका नाम लिस्ट में न होने पर नामांकन रद्द हो जाएगा। इससे पहले बुधवार को मनीष तिवारी, कार्ति चिदंबरम और शशि थरूर ने चुनाव में पारदर्शिता के लिए इलेक्टोरल रोल सार्वजनिक करने की मांग की थी। शशि थरूर और मनीष तिवारी जी-23 नेताओं में शामिल रहे हैं, जो लगातार पार्टी नेतृत्व में बदलाव की मांग कर रहे हैं।

ओं स्वस्तये वायुमुपब्रवामहै सोमं स्वस्ति भुवनस्य यस्पतिः।
बृहस्पतिम् सर्वगणं स्वस्तये स्वस्तय आदित्यासो भवन्तु नः।।
(ऋ ०५।५१।१२)

हे प्रभो ! हम कल्याण के लिए वायु, सोम और भुवन के पति सूर्य का आह्वान करते हैं अर्थात् इनके गुण- ज्ञान द्वारा इनसे सदुपयोग लेते हैं। वेद-ज्ञान के रक्षक आचार्य को भी शिष्य-प्रशिष्यों सहित कल्याण के लिये हम पुकारते हैं। श्रेष्ठ ज्ञानी पुरुष हमारे लिये कल्याणकारी हों ।

O Lord ! We invoke the Sun, the Vayu, the Soma and the Prithvi for welfare, that is, we take advantage of them by their virtues and knowledge. We also call the Acharyas, the protector of Veda's knowledge, along with their disciples for our welfare. May the intellectual men be beneficial to us.



माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में आज गणपति महोत्सव विशेष पूजा के क्रम में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज के देश भर के बच्चों ने भगवान गणपति की विशेष पूजा अर्चना आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी जी के पावन सानिध्य में की और देश के चौमुखी विकास भारत के विश्व गुरु बनने के लिए विशेष प्रार्थना की। भगवान श्री टपकेश्वर महादेव के साथ साथ माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना की उनके साथ संस्थान के शिक्षक पीके जैन भी उपाथित रहे।

# अध्यापक से मारपीट में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। अध्यापक के साथ गाली गलौच कर उसके साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय इंटर कालेज बुलावाला में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात अजय सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बच्चों को पढा रहा था तभी जबरावाला निवासी तहसीम अहमद पुत्र यामिन अहमद वहां पर आया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। उसने जब उसको विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब अन्य अध्यापक वहां पर आये तो वह उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सम्पत्ति विवाद में 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। सम्पत्ति विवाद में मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवलोक कालोनी रायपुर निवासी रशीदा ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनका मोहिनी रोड निवासी रशीद व उसके परिवार के साथ पारिवारिक सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। आज जब उसका पति नईम मोहिनी रोड पर सम्पत्ति के बंटवारे की बात करने के लिए गया तो रशीद, उसके भाई शमीम व रशीद की पत्नी शमा ने उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी तथा धारदार हथियार से हमला कर उसके पति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पत्नी ने पति पर लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

संवाददाता

देहरादून। गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में महिला ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बद्रीपुर निवासी संगीता कंडारी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह गोरगांव मुम्बई निवासी मौहम्मद तबरेज उर्फ समीर खान के साथ हुआ था। कुछ समय बात उनकी आपस में नही बनी तो वह अपने पिता के घर आ गयी। अब उसका पति उसको फोन कर गाली गलौच करने के साथ गंदे-गंदे मैसेज भेजकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने डीबीएस स्कूल के पीछे एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 57 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम दुष्यंत कुमार पुत्र हरजान निवासी बहादुर पुर सेलाकुई बताया। वहीं नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने सपेरा बस्ती से 52 पव्वे शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम शशि कपूर पुत्र नजीर नाथ निवासी सपेरा बस्ती बताया। इसके साथ ही नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने तिलवाडी गांव के पास से एक व्यक्ति को 55 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रमोद पुत्र जयप्रकाश निवासी माजरी माफी जोगीवाला बताया।

# वेणीनाग मेले में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

कार्यालय संवाददाता



बेरीनाग। नगर में ऋषि पंचमी के मौके पर लगने वाले वेणीनाग मेले में धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। सुबह मंदिर में परिसर भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद दोपहर के बाद बड़ी संख्या भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की।

कोरोना काल के बाद तीन वर्ष के बाद मेले लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में बाहरी क्षेत्रों से आये व्यापारियों ने जमकर व्यापार किया। मेले में झोडा चाचरी का आयोजन किया गया। वही पुरानाथल क्षेत्र से मंदिर क्षेत्र तक ढोल नगाड़ों के साथ झांकी निकाली । एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला और तहसीलदार दिनेश कुटौला भी मेले में मौजूद रहे हमेले को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष हेम तिवारी और एसआई मनोज पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद था।

देर शाम को मेले में आई अचानक बारिश ने मेले में खलल डाल दिया। लेकिन उसके बाद भी मेले में लोग डटे रहे।वेणीनाग मंदिर में सामाजिक कार्यकर्ता कमल खाती और दिनेश कठायत ने मंदिर में परिसर में खीर का भंडारा लगाया था। मंदिर के मुख्य पुजारी शंकर पंत ने बताया की मंदिर में इस बार पिछले कई वर्षों की भीड़ ने रिकार्ड तोड़ दिया। पुलिस मेले में उधम काट रहे लोगों को पुलिस के द्वारा सबक भी सिखाया गया।

## केन्द्रीय विद्यालय बीरपुर में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

देहरादून (सं)। केन्द्रीय विद्यालय बीरपुर में स्वच्छता पखवाडे के तहत रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरू किया। आज यहां केंद्रीय विद्यालय बीरपुर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। स्वच्छता पखवाड़े का गत दिवस शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्राचार्य उमा चंद्रा ने बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वच्छ भारत के नारे को साकार करने का सभी से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सबको कम से कम वर्ष भर में 100 घंटे अपने समाज को स्वच्छता के लिये जरूर देने चाहिये तभी स्वच्छ भारत मिशन कामयाब हो पायेगा। विद्यालय से आज निकाली गई स्वच्छता रैली में लगभग 1200 बच्चों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी उर्मिला बामरु, कार्यवाहक प्राचार्य गुंजन श्रीवास्तव, डी एम लखेड़ा, पूनम शर्मा, दीपमाला, मदन कुमार,लीना रावत, अश्विनी कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन सहित एक गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

**❑औषधि निरीक्षक व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 225 नशीले इंजेक्शन बरामद**

हरिद्वार। 2025 तक नशा मुक्त उत्तराखण्ड अभियान के तहत अब पुलिस के साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी कमर कस ली गयी है। औषधि निरीक्षक व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में नशे का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को 225 नशीले इंजेक्शन सहित गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज औषधि निरीक्षक हरिद्वार अनीता भारती व कोतवाली रानीपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गढ़ मीरपुर में नसीमा बेगम स्कूल के समीप एक व्यक्ति जिसका नाम रिजवान पुत्र नसीम निवासी गढ़ कोतवाली रानीपुर बताया जा रहा है, नसीमा बेगम स्कूल के पास नशीले इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए संयुक्त टीम द्वारा बताये गये स्थान पर छापेमारी करते हुए आरोपी रिजवान पुत्र नसीम को नशे में इस्तेमाल किए जाने वाले लगभग 225 इंजेक्शन तथा नीडिल व सीरिंज सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# विधेयक लौटाए जाना राजभवन का सराहनीय कदमः मोर्चा

संवाददाता



विकासनगर। छह वर्षो से लंबित आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण मामले का विधेयक राजभन द्वारा पुनर्विचार के लिए वापस करना सराहनीय कार्य है।

आज यहां जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करें कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण मामले से संबंधित विधेयक, जोकि लगभग 6 वर्ष से राजभवन में लंबित था, को राजभवन द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटा कर राजभवन ने सराहनीय काम किया है।

मोर्चा को उम्मीद है कि अब आंदोलनकारियों को न्याय मिलेगा। नेगी ने कहा कि पूर्व में उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश द्वारा आरक्षण पर रोक लगा दी गई थी। उक्त आदेश वर्ष 2013 व 2014 के खिलाफ वर्ष 2015 में कांग्रेस सरकार के मुखिया हरीश रावत द्वारा आंदोलनकारियों के समर्थन में विधेयक पारित कराकर राजभवन को भेजा गया था, लेकिन कई बार मिन्नतें करने के बावजूद भी विधेयक राजभवन में धूल फांक रहा था। मोर्चा द्वारा कई बार राजभवन के खिलाफ आंदोलन कर विध `यक पास करने अथवा लौटाए जाने का आग्रह किया गया था तथा इस मामले में सरकार से भी पुनः राजभवन से आग्रह करने हेतु पत्र प्रेषित करवाए गए थे, लेकिन राजभवन खामोश रहा।

नेगी ने कहा कि हाल ही में सरकारी वकीलों की फौज मॉडिफिकेशन एप्लीकेशन व एक्ट बचाने में नाकामयाब रही थी, जिस कारण सारी संभावनाएं लगभग समाप्त सी हो गई थी। मोर्चा सरकार से मांग करता है कि तत्काल विधानसभा का विशेष सत्र बुला पुनः विधेयक पास करा कर राजभवन को भेजे। पत्रकार वार्ता में मोर्चा महासचिव एवं राज्य आंदोलनकारी आकाश पंवार, विजय राम शर्मा व भीम सिंह बिष्ट मौजूद थे।

# पद यात्रा की संभावनाएं

कोई बड़ी वैचारिक राजनीति सकारात्मक एजेंडे से खड़ी होती है- यह एक इतिहास सिद्ध बात है। इसलिए भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी इस पर निर्भर है कि क्या कांग्रेस लोगों को कोई नया सपना दिखा पाती है। राहुल गांधी का यह संकल्प प्रसंशनीय है कि सात सितंबर से प्रस्तावित 'भारत जोड़ो' यात्रा में कोई साथ ना भी दे, तब भी कन्याकुमारी से साढ़े तीन हजार किलोमीटर की इस पद यात्रा को पूरा जरूर करेंगे। हालांकि इस यात्रा की पूरी योजना कांग्रेस ने बनाई है, लेकिन यह भी एक सकारात्मक बात है कि उसने इसे दलगत राजनीति से अलग रखने का निर्णय लिया है। यात्रा से गैर-सरकारी संगठनों को जोड़ने की कोशिश को भी सही दिशा में माना जाएगा। बहरहाल, कम से कम दो और शर्तें हैं, जिन्हें पूरा किए बिना संभवत: ये पद यात्रा अपने घोषित मकसद को हासिल नहीं कर पाएगी। इनमें पहली बात यह है कि पद यात्रा में शामिल होने वाले लोग पूरी यात्रा के दौरान सचमुच आम जन के बीच रहें- यानी ऐसा ना हो कि दिन भर पैदल चलने के बाद रात वे किसी सुविधाजनक होटल या स्थान पर गुजारने चले जाएं। राहुल गांधी ने कहा है कि ये यात्रा एक तपस्या है। तो उन्हें और उनके साथियों को तपस्या को उसके शब्दार्थ और भावार्थ दोनों में जीना होगा।

उन्होंने ऐसा किया, तो वे जनता से जुड़ाव बना सकेंगे और लोग उनकी बातों पर ध्यान देंगे। दूसरी बात दरअसल एक प्रश्न है। प्रश्न यह है कि जो संदेश वे लेकर जा रहे हैं, क्या उनमें देश और समाज निर्माण का कोई नया सपना है? क्या उनके पास ऐसा कोई संदेश है, जिससे लोगों में अपनी जिंदगी बेहतर होने की गुंजाइश दिखे? संविधान बचाओ या देश बचाओ जैसे नारे लोगों को बहुत नहीं जोड़ पाते हैं। कोई बड़ी वैचारिक राजनीति रक्षात्मक एजेंडे के साथ नहीं, बल्कि निर्माण के सकारात्मक एजेंडे से खड़ी होती है- यह एक इतिहास सिद्ध बात है। कांग्रेस ने आर्थिक बदहाली और बढ़ती गैर-बराबरी जैसे मुद्दों को उठाने का फैसला किया है। लेकिन लोग जानना चाहेंगे कि इन मसलों का कांग्रेस (या पदयात्रियों) के पास क्या समाधान है? अगर इन दोनों पहलुओं पर पदयात्री जनता से तादात्म्य बना पाए, तो इतनी लंबी और पांच महीनों में 12 राज्यों से गुजरने वाली इस यात्रा से वे अवश्य ही देश का माहौल बदलने में कामयाब रहेंगे।(आरएनएस)

# चीन का जवाबी दांव

नैंसी पेलोसी की यात्रा के चीन ने मेडियन लाइन को निष्प्रभावी कर दिया है। तो प्रश्न उठा है कि क्या पेलोसी की यात्रा असल में अमेरिका के लिए रणनीतिक नुकसान का सौदा साबित हुआ है? अब अमेरिका ने भी यह स्वीकार कर लिया है कि ताइवान के आसपास चीन ने 'न्यू नॉर्मल' कायम कर दिया है। यानी उसने अपने अनुकूल एक स्थिति बना दी है। कुछ अमेरिकी विशेषज्ञों ने इस बारे में पहले से चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से चीन को ताइवान जलडमरुमध्य में यथास्थिति को बदलने का मौका मिल जाएगा। ये बात सच साबित हुई है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय में रक्षा नीति के प्रभारी उप मंत्री कॉलिन काल ने कुछ ही रोज ये बात स्वीकार की। उन्होंने कहा- 'चीन ने एक न्यू नॉर्मल बनाने की कोशिश की है।' इस महीने के आरंभ में हुई पेलोसी की यात्रा के तुरंत बाद चीनी सेना ताइवान के आसपास एक बड़ा सैनिक अभ्यास शुरू कर दिया था। उस दौरान ताइवान के वायु क्षेत्र में विमानों ने उड़ानें भरीं और ताइवान के ऊपर से बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। लेकिन बात यहीं नहीं ठहरी। सैनिक अभ्यास खत्म होने के बाद भी चीन के लड़ाकू विमानों ने ताइवान के वायु क्षेत्र में उड़ान भरना जारी रखा है।

चीनी मीडिया में कहा गया है कि ऐसी उड़ानों के निकट भविष्य में रुकने की कोई संभावना नहीं है। चीन की मुख्य भूमि और ताइवान द्वीप के बीच 180 किलोमीटर का जलडमरुमध्य है। पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद से इस जल क्षेत्र में अपनी चीनी सेना उन स्थलों तक गई है, जहां पहले वह नहीं जाती थी। अमेरिका ने इसे चीनी सेना की 'भड़काऊ, अस्थिरता लाने वाली और अभूतपूर्व' कार्रवाई' बताया है। जबकि चीन का आरोप है कि पेलोसी की यात्रा के एक भड़काऊ कार्रवाई थी। यह वन चाइना पॉलिसी का उल्लंघन थी, जिसके प्रति अमेरिका बार-बार अपनी वचनबद्धता जता चुका है। तकरीबन 60 वर्ष पहले अमेरिकी हस्तक्षेप से ताइवान जलडमरुमध्य में एक मेडियन लाइन तय की गई थी, जिसे व्यावहारिक रूप में चीन और ताइवान के बीच की सीमा समझा जाता था। चीन पेलोसी की यात्रा के पहले तक इस रेखा का पालन करता था। लेकिन अब उसने इस रेखा को निष्प्रभावी कर दिया है। तो प्रश्न उठा है कि क्या पेलोसी की यात्रा असल में रणनीतिक रूप से अमेरिका के लिए नुकसान का सौदा साबित हुआ है? (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# हाथों में मौजूद होते हैं दबाव बिंदु, कई समस्याओं का कर सकते हैं निवारण



दबाव बिंदु हमारे शरीर के सबसे संवेदनशील लेकिन शक्तिशाली हिस्से माने जाते हैं, जो शारीरिक दर्द को कम करने, शरीर को आराम पहुंचाने और दबाए जाने पर संतुलन स्थापित करने में मदद कर सकते हैं। बता दें कि हमारे हाथों पर कुल आठ दबाव बिंदु होते हैं, जिनमें से हर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आइए आज हम आपको आपको हाथों के प्रमुख पांच दबाव बिंदुओं के लाभ और उनके इस्तेमाल का तरीका बताते हैं।

दबाव बिंदु कैसे काम करते हैं?

दबाव बिंदु रिफ्लेक्सोलॉजी और एक्यूप्रेशर चिकित्सा का हिस्सा है। रिफ्लेक्सोलॉजी चिकित्सकों के अनुसार, अपने हाथ में कुछ जगहों पर धीरे से दबाव डालने से आंतरिक अंगों सहित शरीर के अन्य हिस्सों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। ये बिंदु दर्द के वास्तविक कारण का पता लगाने में भी मदद करते हैं और उन पर दबाव डालने से आपको दर्द से काफी राहत मिल सकती है।

हार्ट-7

हार्ट 7 दबाव बिंदु आपकी कलाई लाइन पर छोटी उंगली और अनामिका के बीच मौजूद होता है। रिफ्लेक्सोलॉजी चिकित्सकों के अनुसार, इस बिंदु पर धीरे से दबाव डालने से अनिद्रा, दिल की धड़कन, अवसाद और चिंता से राहत मिल सकती है। तनाव होने पर विशेषज्ञ इस दबाव बिंदु पर एक मिनट तक मालिश करने की सलाह देते हैं। हालांकि, इस दबाव बिंदु पर विशेषज्ञ की सलाह के बाद ही दबाव डालें।

स्माल इंटेस्टिन 3

स्माल इंटेस्टिन 3 दबाव बिंदु हथेली के पिछले हिस्से पर मौजूद होता है। यह बिंदु छोटी उंगली के ठीक नीचे स्थित है। इस बिंदु पर दबाव डालने से कान का दर्द, गर्दन का दर्द, कंधे का दर्द और यहां तक कि सिरदर्द से भी राहत मिल सकती है। यह बिंदु मतली, रात को पसीने आने और गैस्ट्रिक समस्या से भी राहत प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

एल14

एल14 यानि हे गु प्वाइंट अंगूठे और तर्जनी के बीच में मौजूद होता है, जिसे



दबाकर गर्दन के दर्द से राहत मिल सकती है। कई रिफ्लेक्सोलॉजिस्ट का दावा है कि इस बिंदु को दूसरे हाथ के अंगूठे से दबाकर गर्दन सहित शरीर के कई अलग-अलग हिस्सों को दर्द से राहत मिल सकती है। वहीं, अगर सोकर उठने के बाद गर्दन में अकड़न महसूस हो तो भी इस बिंदु को दबाकर राहत मिल सकती है।

इनर गेट प्रेशर प्वाइंट

यह दबाव बिंदु आपको अपच, मतली और पेट दर्द से राहत दिलान में मदद कर सकता है। इस बिंदु के लिए अपने हाथ को सीधा करें और कलाई के नीचे तीन उंगुलियों के बाद बीच में अपने दूसरे हाथ के अंगूठे से हल्का दबाएं क्योंकि यहीं पर इनर गेट प्रेशर प्वाइंट है। इसके बाद अपने अंगूठे को क्लॉकवाइज और एंटी-क्लॉकवाइज दिशाओं में घुमाएं ताकि उस जगह की अच्छी तरह से मालिश की जा सके।

आउटर गेट प्रेशर प्वाइंट

यह दबाव बिंदु बांह के पिछले हिस्से के दो टेंडन के बीच पाया जाता है। इसके लिए अपनी तीन उंगुलियों को ठीक वहीं रखें जहां कलाई समाप्त होती है क्योंकि बिंदु तीसरी उंगली के अंत में स्थित होता है। इस बिंदु पर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने के लिए दबाव डालें।


इसके अलावा, इस दबाव बिंदु की मालिश करने से आपको भरपूर ऊर्जा भी मिल सकती है।

## शब्द सामर्थ्य -50

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 49 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

# रिलीज हुआ फिल्म 'चुप' का रोंगटे खड़े करने वाला मोशन पोस्टर

फिल्म निर्माता आर बाल्की की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'चुप' की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। इस फिल्म के लीड एक्टर सनी देओल है जिन्होंने एक मोशन पोस्टर और दो पोस्टर के जरिए फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट की है। आपको बता दें कि यह रोमांटिक साइकोपैथ थ्रिलर 23 सितंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। जी हाँ और सनी देओल के जरिए साझा किए गए मोशन पोस्टर को देख फैंस उत्साहित हो गए हैं। दरअसल फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर




एक्साइटमेंट जाहिर कर रहे हैं। आप सभी देख सकते हैं एक्टर के पोस्ट को कुछ ही देर में हजारों लाइक्स मिल चुके हैं। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा है, 'ऐसे अलग तरह के सिनेमा में आपको देखने का इंतजार है सनी पाजी'। वहीं दूसरे ने लिखा, 'रोंगटे खड़े करने के लिए सनी पाजी की आवाज ही काफी है।'

आपको बता दें कि फिल्ममेकर आर बाल्की के जहन में 'चुप' को बनाने का ख्याल मूवी 'चीनी कम' के दौरान आया था। जी हाँ और इस फैसले पर आगे बढ़ते हुए उन्होंने मूवी की स्क्रिप्ट को खुद लिखा। इस मूवी में साउथ सुपरस्टार दुलकर सलमान भी नजर आने वाली हैं और यह पहली बार होगा जब सनी देओल और दुलकर सलमान एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे।

अब अगर स्टारकास्ट की बात करें तो इस मूवी में सनी देओल और दुलकर सलमान के अलावा श्रेया धनवंतरी और पूजा भट्ट जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को आर बाल्की ने डायरेक्ट किया है और इसी के साथ ही इसका प्रोडक्शन राकेश झुनझुनवाला, अनिल नायडू, डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियो) और गौरी शिंदे ने किया है। मूवी 23 सितंबर, 2022 को रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है।

# नो इंट्री के प्रदर्शन के 17 साल पूरे, भावुक हुयी लारा दत्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता अपनी सुपरहिट फिल्म नो इंट्री के प्रदर्शन के 17 साल पूरे होने पर भावुक हो गयी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री के प्रदर्शन के 17 साल पूरे हो गये हैं। फिल्म नो एंट्री में लारा दत्ता की भूमिका को खूब सराहा गया था। उन्होंने काजल के किरदार को अच्छे ढंग से निभाया था। फिल्म के 17साल पूरे होने के अवसर पर लारा दत्ता ने स्वदेशी सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट कू एप पर एक इमोशनल मैसेज साझा किया है।

लारा दत्ता ने मैसेज साझा करते हुए कहा कि फिल्म नो इंट्री और उनका निभाया हुआ काजल का रोल उनके लिए बेहद ख़ास है। यह रोल उनके दिल के करीब भी है। फिल्म नो एंट्री में लारा दत्ता के साथ सलमान खान, फरदीन खान, अनिल कपूर, ईशा देओल, बिपाशा बसु, बोमन ईरानी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।हाल ही में सलमान खान औरअनीस बज्मी ने बताया था कि नो एंट्री का सीक्वल जल्द बनने जा रहा है। इस फिल्म की शूटिंग वह जल्द शुरू करने जा रहे हैं।

# करण जौहर की फिल्म में धैर्य करवा संग रोमांस करेंगी सान्या मल्होत्रा

सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड की उन अदाकाराओं में से एक हैं, जो इंडस्ट्री में अपने पैर पसार रही हैं। आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म दंगल में एक्ट्रेस ने बबिता फोगाट के किरदार को बड़े परदे पर निभाया था। एक्ट्रेस को आखिरी बार लव हॉस्टल और हिट: द फर्स्ट केस जैसी शानदार फिल्मों में देखा गया। बीते दिनों आई रिपोर्ट्स में बताया कि सान्या मल्होत्रा जल्द ही करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस में बन रही फिल्म में नजर आएंगी। मेकर्स को फिल्म में लीड एक्टर की तलाश थी, जो धैर्य करवा पर जाकर खत्म हुई है।

धर्मा प्रोडक्शंस के एक करीबी सूत्र ने बताया कि फिल्म के निर्माता आज के जमाने की फ्रेश जोड़ी को कास्ट करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने सान्या मल्होत्रा और धैर्य करवा को बतौर लीड एक्टर्स कास्ट किया है। सूत्र ने आगे कहा, सान्या और धैर्या को अभी एक धर्मा फिल्म के लिए कंफर्म किया गया है और इसके इस साल के अंत में फ्लोर पर जाने की संभावना है। दिलचस्प बात यह है कि सान्या मल्होत्रा और धैर्य करवा दोनों करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस से परिचित हैं और दोनों करण के साथ पहले ही काम कर चुके हैं। सान्या मीनाक्षी सुंदरेश्वर फिल्म का हिस्सा थीं, जिसमें उन्हें अभिमन्यु दसानी के साथ देखा गया था। वहीं दूसरी ओर धैर्य करवा दीपिका पादुकोण, अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर करण जौहर द्वारा निर्मित गहराइयां में नजर आए थे। फिल्म को शकुन बत्रा ने डायरेक्ट किया था। यही वो फिल्म थी, जिसमें धैर्य को पहली बार लीड ऑफर हुआ था। इसके बाद अब उन्हें सान्या के साथ लीड रोल में देखा जाएगा। फिल्म में दोनों को ऑनस्क्रीन रोमांस करता देखने के लिए फैंस भी बेताब हैं। (आरएनएस)

# जूनियर एनटीआर की रणबीर की फिल्म में होगी एंट्री



बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर निर्देशक अयान मुखर्जी की मचअवेटेड मूवी ब्रह्मास्त्र सिनेमाघर पहुंचने की कतार में खड़ी हो चुकी है। ये मूवी 9 सिंतबर को रिलीज की जाने वाली है। जिससे पहले मूवी की पूरी टीम इसके मेगा प्रमोशन्स में व्यस्त चल रहे है। सुपरस्टार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की ये मूवी एक पैन इंडिया रिलीज मूवी है। जिसे मेकर्स हिंदी के अलावा, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज कर रहे हैं। इसमें से सबसे टेढ़ी खीर फिल्म की तेलुगु रिलीज है। एक ओर जहां तेलुगु सिनेमाई सितारे हिंदी बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए हैं। वहीं, बॉलीवुड सितारों को पैन इंडिया रिलीज मूवी के लिए खासी मशक्कत करना पड़ रहा है।


अब इस मूवी के मेगा प्रमोशन के लिए टीम हैदराबाद पहुंच गई हैं। जहां मूवी निर्माता और स्टारकास्ट तेलुगु भाषा के ऑडियन्स को लुभाने के प्रयास में हैं। इस मास मिशन के लिए बाहुबली निर्देशक एसएस राजामौली निर्माताओं की निरंतर सहायता कर रहे हैं। वो इस मूवी को साउथ इंडिया के कोने-कोने तक पहुंचाने में लगे हैं। इस बीच उन्हें एक और बड़ा सहारा मिल चुका है। जी हां, फिल्म ब्रह्मास्त्र के प्रमोशन इवेंट में अब सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की भी एंट्री भी होने लगी है। जूनियर एनटीआर फिल्म स्टार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की इस मूवी के हैदराबाद प्रमोशन में हिस्सा लेने जा रहे है। जिसकी जानकारी निर्देशक अयान मुखर्जी ने इस वीडियो के साथ दी है।

आरआरआर स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम कर चुकी हैं आलिया भट्टः दरअसल, सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अदाकारा आलिया भट्ट के साथ अपनी मूवी आरआरआर में काम कर चुके हैं। दोनों सितारों के मध्य आरआरआर प्रमोशन्स के दौरान बहुत प्यारी बॉन्डिंग देखने के लिए मिली है। इसके उपरांत चर्चा थी कि दोनों सितारे जल्दी ही अगली मूवी में साथ काम करने वाले है। रिपोर्ट्स थीं कि अदाकारा आलिया भट्ट कोरताला शिवा के निर्देशन में बन रही जूनियर एनटीआर की एनटीआर 30 में दिखाई देने वाली है। हालांकि बाद में अदाकारा ने इस फिल्म को करने से मना कर दिया था।

# नम्रता ने अपनी नई वीडियो से लगाया ग्लैमर का तड़का

भोजपुरी सिनेमा की फेमस अदाकारा नम्रता मल्ला सोशल मीडिया पर खूब सक्रीय रहती हैं। यही वजह है कि उनकी फैन फॉलोइंग और भी तेजी से बढ़ती जा रही है। चूंकि नम्रता अपनी पोस्ट के माध्यम से फैंस से जुड़ी रहती हैं, तो फैंस भी उन्हें निराश नहीं करते। नम्रता मल्ला के प्रशंसक उनकी फोटो के साथ-साथ वीडियोज का भी बेसब्री से प्रतीक्षा करते रहते हैं। बता दें कि नम्रता अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस के चलते लाइमलाइट में बनी रहती है। वह अक्सर ही अपने फैंस के साथ सिजलिंग फोटोज साझा करती रहती हैं।

खबरों का कहना है कि हाल ही में नम्रता मल्ला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर दिया है। वीडियो में उनके लुक की फैंस भी तारीफें कर रहे हैं। नम्रता



अपने बोल्ड फोटोशूट को लेकर हमेशा चर्चाओं का विषय बनी रहती है। डांस वीडियो में नम्रता इंटरनेट का पारा बढ़ाती हुई हुई दिखाई दे रही है। उन्होंने व्हाइट आउटफिट के कुछ शॉर्ट्स पहन रखे हैं। जिसमें वे बेहद बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। नम्रता मल्ला की वीडियो ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इस वीडियो में नम्रता ओह माय गॉड कहती नजर आ रही हैं।

इतना ही नहीं  नम्रता के नया वीडियो पोस्ट करने के साथ ही उनकी पोस्ट पर जमकर लाइक्स और कमेंट्स भी आने लगे है। फैंस को उनकी वीडियो पसंद आ रही है और वह प्यार बरसा रहे हैं। सोशल मीडिया सेंसेशन नम्रता मल्ला के इंस्टाग्राम रक 1.4 मिलियन फैंस  हैं। वह वीडियोज और फोटोज के जरिए अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं।

# डिज्नी + हॉटस्टार ने 180 करोड़ रुपये में कठपुतली के राइट्स

अभिनेता अक्षय कुमार की एक के बाद एक कई फिल्में रिलीज की राह देख रही हैं। उनकी फिल्म कठपुतली आज 2 सितंबर को सीधे डिज्नी + हॉटस्टार पर रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म के लिए डिज्नी + हॉटस्टार के साथ एक बड़ी डील की है। खबरों की मानें तो हॉटस्टार ने 180 करोड़ रुपये में इस फिल्म के राइट्स खरीदे हैं। कहा जा रहा है कि यह डील मेकर्स के लिए मुनाफे का सौदा साबित हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, डिज्नी + हॉटस्टार के स्वामित्व वाली कंपनी स्टार नेटवर्क ने इस थ्रिलर फिल्म को 180 करोड़ रुपये में खरीदा है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म कठपुतली के डिजिटल राइट्स लगभग 135 करोड़ रुपये में बिक गए हैं, जिसमें सैटेलाइट और म्यूजिक राइट्स से 45 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई हुई है। स्टार नेटवर्क के साथ कुल मिलाकर 180 करोड़ रुपये से अधिक में डील हुई है।

कठपुतली अक्षय की तीसरी फिल्म है, जो हॉटस्टार पर आने वाली है। इससे पहले उनकी लक्ष्मी और अतरंगी रे इसी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हुई थी। फिल्म कठपुतली का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट ने किया है। फिल्म के निर्देशन का जिम्मा रंजीत एम तिवारी ने संभाला है। उन्होंने बेल बॉटम के बाद अक्षय के साथ दूसरी बार इस फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। बेल बॉटम पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

फिल्म में अक्षय एक बार फिर पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। इसमें वह सीरियल किलर का पीछा करते हुए दिखाई देंगे। हाल में फिल्म से अक्षय का फर्स्ट लुक भी सामने आया था। टीजर में अक्षय कहते हुए दिखे थे, सीरियल किलर के साथ पावर नहीं, माइंड गेम खेलना चाहिए। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह भी दिखने वाली हैं। सरगुन मेहता भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

कठपुतली से पहले अक्षय आखिरी बार रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखे थे। यह कॉप ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पैसा वसूल साबित हुई थी। फिल्म पिछले साल सिनेमाघरों में आई थी।

कठपुतली तमिल क्लासिक फिल्म रत्सासन की हिंदी रीमेक होगी। रत्सासन 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फिल्म का अहम पात्र अरुण फिल्म निर्माता बनने के सपने को छोड़ देता है और अपने पिता की मृत्यु के बाद एक पुलिस अधिकारी की नौकरी करता है। वह एक साइको किलर को ट्रैक करने की कोशिश करता है, जो छात्राओं को निशाना बनाता है। इसमें अमला पॉल, अम्मू अभिरामी और काली वेंकट नजर आए थे।

# जरूरत से ज्यादा दूध सेवन के होते हैं दुष्प्रभाव!

दूध को पूर्ण आहार माना जाता हैं जिसमें प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। बच्चे हो या बूढ़े सभी को दूध का सेवन करने की सलाह दी जाती हैं जो सेहत को कई फायदे पहुंचाता हैं। लेकिन कहते हैं ना कि किसी भी चीज की अति हानिकारक होती है, फिर वह चाहे दूध ही क्यों ना हो। जी हां, जरूरी नहीं दूध हमेशा फायदा ही पहुचाएं, इसका जरूरत से ज्यादा सेवन सेहत को कई नुकसान भी पहुंचा सकता हैं। दूध के अधिक सेवन से आपके शरीर में कई परेशानियां घर कर सकती हैं जिससे आपको आगे चलकर दिक्कतें होंगी। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि अधिक दूध पीने से शरीर को किस तरह के दुष्प्रभाव का सामना करना पड़ता हैं।



पाचन से जुड़ी समस्याएं

किसी भी चीज का ज्यादा मात्रा में सेवन नुकसान ही पहुंचाता है, चाहे वो दूध ही क्यों न हो। अधिक मात्रा में दूध का सेवन पाचन से जुड़ी समस्याएं खड़ी कर सकता है। कई बार ऐसा होता है कि ज्यादा दूध पी लेने से पेट फूल जाता है और गैस आदि की समस्या भी हो जाती है। इसलिए दूध का सेवन उतनी ही मात्रा में करें, जितना कि आपको उससे कोई परेशानी न हो।

यह मतली पैदा कर सकता है

अमेरिकन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, 65व्र वयस्कों में लैक्टोज इंटॉलरेंस का कोई न कोई रूप होता है। मतली सबसे बड़े लक्षणों में से एक है, और कुछ मामलों में, दूध, आइसक्रीम और पनीर सहित लैक्टोज युक्त किसी भी प्रकार की डेयरी का सेवन करने के बाद उल्टी हो सकती है।

थकान और सुस्ती होना

ज्यादा दूध पीने के कारण आपको मिचली, बेचैनी, थकान और सुस्ती भी हो सकती है। इसके अलावा डेयरी वाले दूध में ए1 कैसिइन मौजूद होती है, जो आंतों में सूजन पैदा करने के साथ-साथ बैक्टीरिया को भी बढ़ावा देता है। इसलिए सीमित मात्रा में ही दूध का सेवन करें।

वजन बढ़ना है

हाई वसा वाले डेयरी प्रोडक्ट के ज्यादा सेवन से आपका वजन बढ़ सकता है। शोध से पता चलता है कि हेल्दी डाइट के हिस्से के रूप में हर दिन पर्याप्त दूध, दही और पनीर का सेवन वजन बढ़ने से नहीं जुड़ा है। इसके लिए आपको मॉडरेशन का ध्यान रखना होगा।

कैंसर का कारण बन सकता है

इस पर बहुत कम शोध हुआ है, लेकिन कुछ का कहना है कि बहुत अधिक दूध प्रोस्टेट या स्तन कैंसर जैसे कुछ प्रकार के कैंसर का कारण बन सकता है। इनमें से अधिकांश अध्ययन एपिडेमियोलॉजिकल हैं, जिसका अर्थ है कि इसमें समय के साथ लोगों में खपत और बीमारी के रुझान को देखा जाता है।

हृदय संबंधी समस्याएं

दिनभर में तीन गिलास से अधिक दूध का सेवन करने से हृदय संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि कई शोधों में यह दावा किया गया है। इसलिए बेहतर है कि किसी आहार विशेषज्ञ से सलाह लें कि आपको कितनी मात्रा में दूध का सेवन करना चाहिए।

मुंहासे पैदा कर सकता है

ऐसा माना जाता है कि आज जो दूध उपलब्ध है उसमें वृद्धि और दूध उत्पादन को नियंत्रित करने वाले हार्मोन होते हैं। यह इंसुलिन विनियमन को बाधित करके मुंहासे को खराब करने के लिए जाना जाता है। यही कारण है कि फुल फैट वाले गाय के दूध का सेवन करना बेहतर माना जाता है, जिसमें आमतौर पर हार्मोन का इंजेक्शन नहीं होता है।

एलर्जी की समस्या

अगर आपको लैक्टोज एलर्जी या फिर दूध से किसी तरह की एलर्जी है, तो यह आपके इम्यून सिस्टम को प्रभावित कर सकती है। इसके कारण आपको खुजली और लाल रंक के चकत्ते होने की संभावना हो सकती है। इसके अलावा दूध से एलर्जी होने की वजह से कुछ लोगों को सांस लेने में भी परेशानी या फिर शरीर में सूजन की समस्या हो जाती है। दूध की एलर्जी कभी-कभी बहुत ही घातक साबित हो सकती है। इसलिए इस तरह की समस्या को नजरअंदाज ना करें। अगर आपको दूध पीने से स्किन पर सूजन, खुजली या फिर अन्य समस्याएं हो रही हैं, तो तुरंत दूध पीना बंद कर दें। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 50

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# राहुल को अध्यक्ष बनाने पर अड़े नेता

कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है और इसके साथ ही तेज हो गया है राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का अभियान। कांग्रेस के सारे नेता अलग अलग कारणों से राहुल को अध्यक्ष बनाने पर अड़े हैं। एक तरफ राहुल हैं, जिन्होंने साफ कर दिया है कि वे अध्यक्ष नहीं बनेंगे, पार्टी चाहे जिसे बनाए। दूसरी ओर कांग्रेस के नेता हैं, जो इस बात पर अड़े हैं कि चाहे कुछ हो जाए राहुल ही अध्यक्ष बनेंगे। इस प्रयास को जारी रखने के लिए कांग्रेस नेताओं को एक महीने का समय और मिल गया है। पहले 2० अगस्त से 21 सितंबर के बीच अध्यक्ष का चुनाव होना था पर अब 21 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच होगा। सो, कांग्रेस के नेता 24 सितंबर तक राहुल पर दबाव बनाते रहेंगे।

अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम तय करने के लिए रविवार को कार्य समिति की ऑनलाइन बैठक हुई तो उसमें लगभग सभी नेताओं ने राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की बात कही। कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ और बुजुर्ग नेताओं में से एक मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी अध्यक्ष बनें, पूरी पार्टी उनके पीछे खड़ी है। दूसरे वरिष्ठ और बुजुर्ग नेता अशोक गहलोत ने भी यह बात दोहराई कि राहुल अध्यक्ष बनें। तीसरे वरिष्ठ और बुजुर्ग नेता सलमान खुर्शीद ने भी कहा कि राहुल को अध्यक्ष बनना चाहिए। सोचें, एक तरफ गुलाम नबी आजाद कह रहे हैं कि राहुल के पार्टी की कमान संभालने के बाद वरिष्ठ नेताओं से सलाह-मशविरा करने का सिस्टम खत्म हो गया तो दूसरी ओर पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल के पीछे एकजुट हो रहे हैं!

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक पृथ्वीराज चव्हाण ने जरूर कहा है कि अगर राहुल अध्यक्ष बनने को तैयार नहीं होते हैं तो चुनाव करा कर किसी को चुना जाए। ध्यान रहे चव्हाण जी-23 समूह के नेता हैं, जिन्होंने संगठन चुनावों को लेकर सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखी थी।

इस समूह के नेता एक-एक करके कांग्रेस से दूर हो रहे हैं। गुलाम नबी आजाद ने पार्टी छोड़ दी है और कपिल सिब्बल समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा में जाने के बाद कांग्रेस से अलग ही हो गए हैं। मनीष तिवारी ने अपने को कांग्रेस में हिस्सेदार बता कर किराएदार वाली हैसियत भी गंवा दी है। इस समूह के बाकी बड़े नेताओं में भूपेंदर सिंह हुड्डा को हरियाणा की कमान मिल गई है और मुकुल वासनिक को भी राज्यसभा मिल गई है। सो, जी-23 का अब कोई खास मतलब नहीं है।

जी-23 समूह के बचे खुचे नेताओं को भी राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने में कोई आपत्ति नहीं है। यह लगभग तय है कि राहुल हां करते हैं तो उनका कोई विरोध नहीं होगा। उनके खिलाफ चुनाव लड़ना तो दूर सब उनके नाम का स्वागत करेंगे। वे पिछली बार की तरह निर्विरोध चुने जाएंगे।

जयराम रमेश ने कहा है कि कोई भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर सकता है। लेकिन वह तब होगा, जब परिवार के बाहर का कोई व्यक्ति चुनाव लड़ेंगे। राहुल लड़ेंगे तो कोई नामांकन नहीं होगा।( आरएनएस)

# जब सच बने शिकार

खींचतान इतनी ज्यादा है कि संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैशले अपनी शिनजियांग रिपोर्ट कब जारी करेंगी, इस बारे में अब तक सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैँ। बैशले के चार साल का कार्यकाल खत्म होने में एक हफ्ते से भी कम समय बचा है।

सच कैसे बड़ी ताकतों की लड़ाई की भेंट चढ़ जाता है, इसकी एक ताजा मिसाल संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयोग की संभावित शिनजियांग रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट का पश्चिमी देशों और चीन दोनों को बेसब्री इंतजार है। लेकिन इसको लेकर खींचतान इतनी ज्यादा है कि संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैशले इसे कब जारी करेंगी, इस बारे में अब तक सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैँ। बैशले के चार साल का कार्यकाल खत्म होने में एक हफ्ते से भी कम समय बचा है। खुद उनका कहना है कि अभी भी यह साफ नहीं हो पाया है कि रिपोर्ट कब प्रकाशित होगी। अमेरिका और कई दूसरे पश्चिमी देशों के जनप्रतिनिधियों ने शिनजियांग में उइगुर समुदाय के लोगों के प्रति चीन के बर्ताव को नरसंहार बताया है। चीन इस आरोप को नकारता आया है। मिशेल बैशले ने जब शिनजियांग की यात्रा की, उसके बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने जो कहा, उससे चीन के दावे की पुष्टि माना गया था। तब पश्चिम का दबाव उन पर बढ़ गया।

UNITED NATIONS HUMAN RIGHTS COUNCIL

नतीजा यह है कि उनकी रिपोर्ट को लेकर अनिश्चय बना हुआ है। पश्चिमी देशों का इल्जाम है कि इस प्रांत में कम से कम 1० लाख लोगों को पुनर्शिक्षा शिविरों में कैद कर रखा गया है। ये अधिकांशत: उइगुर मुस्लिम हैं। इन्हें कई तरह के शोषण का सामना करना पड़ता है। इसमें महिलाओं के जबरन बंध्याकरण से लेकर जबरन मजदूरी तक शामिल है। लेकिन बैशले ने अपने दौरे के बाद बीते 18 सितंबर को अपने भाषण में इन आरोपों का कोई जिक्र नहीं किया। बल्कि मानव विकास की दिशा में चीन में हासिल हुई उपलब्धियों की उन्होंने सार्वजनिक तौर पर सराहना की थी। बैशले इस वर्ष मई में वो छह दिनों के लिए शिनजियांग गईं। उसके बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने शिनजियांग में मनमाने और विवेकहीन कदम उठने से बचने के लिए कहा। ये अपील दोनों पक्षों से थी। लेकिन दोनों पक्ष अपने अनकूल रिपोर्ट चाहते हैं। इसकी खींचतान का नतीजा रिपोर्ट का फिलहाल अधर में लटक जाना है।(आरएनएस)

## आलिया भट्ट ने इंस्टा पिक्स में बेबी बंप फ्लॉन्ट किया

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, जो अयान मुखर्जी की बड़ी फिल्म ब्रह्मास्त्र की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं।

आलिया अपनी दूसरी तिमाही में हैं और उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी का ग्लो साफ नजर आ रहा है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में वह एक गुलाबी रंग के टॉप के ऊपर एक काले रंग की हाफ जैकेट पहने दिख रही हैं जो उन्होंने उन्हें काले रंग की लेगिंग के साथ पहना है।

पहली तस्वीर में कैमरे की तरफ देखते ही उन्होंने अपने दोनों हाथों से अपने बेबी बंप को पकड़ा हुआ हैतस्वीरों को कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा, प्रकाश . आ रहा है! (सिर्फ दो हफ्तों में) 9 सितंबर - ब्रह्मास्त्र (एस आई सी)। तस्वीरें पोस्ट करने के तुरंत बाद, आलिया को बहुत सी तारीफें मिली। करीना कपूर की ननद सबा अली खान ने आलिया को स्टनिंग कहा। वहीं करीना ने भी आलिया की तारीफ की।इस साल 14 अप्रैल को रणबीर के साथ शादी के बंधन में बंधी आलिया ने 27 जून को घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही थी। एक सोनोग्राम सत्र से तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हमारा बच्चा .. जल्द ही आ रहा है।

# चोरी के माल की रिकवरी करने में उत्तराखण्ड को मिला प्रथम स्थान

संवाददाता

देहरादून। चोरी की घटनाओं का खुलासा कर माल की बरामदगी शतप्रतिशत करने के मामले में उत्तराखण्ड को देश में प्रथम स्थान मिला है।

एनसीआरबी द्वारा प्रकाशित क्राइम इन इंडिया 2021 की रिपोर्ट में चोरी हुई संपत्ति/समान की रिकवरी में उत्तराखंड पुलिस को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार ने बताया कि चोरी के मामलों में आधुनिक तकनीक के अधिकतम प्रयोग से राज्य पुलिस को यह सफलता प्राप्त हुई है स उत्तराखंड पुलिस के द्वारा चोरी की घटनाओं में गहनता से विवेचना करते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ ही संपत्ति की प्राप्ति हेतु किए गए विशेष प्रयासों के कारण राज्य पुलिस का रिकवरी रेट देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के स्मार्ट पुलिस के विजन के अंतर्गत की गई पुलिसिंग का नतीजा है। क्राइम इन इंडिया 2021 की रिपोर्ट जिसमें चोरी हुई संपत्ति की रिकवरी में उत्तराखंड पुलिस 68.7 प्रतिशत के साथ नंबर वन पर है। जो कि अन्य समस्त राज्यों के राष्ट्रीय औसत 30.2 प्रतिशत के दुगने से भी अधिक है। उत्तराखंड पुलिस के बाद तमिलनाडु 64.8 प्रतिशत दूसरे नंबर एवं हिमाचल प्रदेश 55 प्रतिशत रिकवरी के साथ तीसरे नंबर पर है।

## स्व. रणजीत सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नगर संवाददाता

देहरादून। स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को राज्य में सम्मान पेंशन दिलाने में राज्य आंदोलनकारी नेता स्वर्गीय रणजीत सिंह वर्मा की मुख्य भूमिका रही है। राज्य प्राप्ति के लिए आंदोलनकारियों को एकजुट करने में भी इनका प्रशंसनीय योगदान था। रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष रहे स्व. रणजीत सिंह वर्मा के प्रयासों से अनेक ब्लड कैंप आयोजित किए गए। उनके व्यक्तित्व में समाई देशप्रेम, सांप्रदायिक सौहार्द, समाज सेवा की भावना से आंदोलनकारी और स्वतंत्रता सेनानी परिवार शिक्षाएं ग्रहण कर सके तो उनके प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



वक्ताओं ने यह विचार स्व. रणजीत सिंह वर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किए। राज्य आंदोलनकारी मंच द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से वक्ताओं में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ आंदोलनकारी सुशीला बलूनी, आंदोलनकारी मंच के पूरन सिंह लिंगवाल, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश नारायण शर्मा, समिति के संरक्षक सुशील त्यागी, सत्य प्रकाश पवार, संयुक्त नागरिक संगठन के दिनेश भंडारी, उमा सिसोदिया, विजय पाहवा आदि शामिल रहे।

## अंतरजातीय प्रेम विवाह करने पर...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

मिलने पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने देर शाम उक्त वाहन से ही जगदीश चंद्र का शव बरामद कर तीनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि जगदीश चंद्र दो बार उत्तराखण्ड परिवर्तन पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ चुका है। बहरहाल पुलिस ने वर्ग संघर्ष की आंशका के मद्देनजर सल्ट, भतरोजखान क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया है।

## प्रेमचंद्र अग्रवाल इस्तीफा दें: कांग्रेस

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

गया तो उन्होंने कहा कि हम कब कह रहे हैं कि उनकी जांच मत करो। उन्होंने कहा कि उनकी भी सीबीआई जांच कराओ और जो दोषी है उन्हें जेल भेज दो। उन्होंने कहा कि सत्ता में होने के कारण भाजपा के पास यह विशेषाधिकार है सभी की सीबीआई जांच कराए। कांग्रेस के इस धरना प्रदर्शन के समर्थन में पूर्व सीएम हरीश रावत भी पहुंचे तथा इस दौरान विधायक राजेंद्र भंडारी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल तथा सूर्यकांत धस्माना सहित तमाम लोग मौजूद थे। उनका कहना है कि प्रेमचंद अग्रवाल ही नहीं रेखा आर्य सहित अन्य उन तमाम नेताओं को जिनके बच्चों व रिश्तेदारों की नौकरियां लगी उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। तथा सभी भर्तियों को रद्द कर इसकी सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए क्योंकि इससे पूरे देश में उत्तराखंड की छवि खराब हुई है।

# गायक व कलाकार हन्नी का तीर्थनगरी ऋषिकेश में भव्य स्वागत



नगर संवाददाता

देहरादून। देश के उभरते हुए गायक, कलाकार हन्नी सचदेवा अब किसी पहचान के मोहताज नहीं रहे। हन्नी सचदेवा सिर्फ एक गायक ही नहीं बल्कि वीडियो डायरेक्टर , लिरिस्ट, स्क्रिप्ट राइटर और म्यूजिक डायरेक्टर भी है। इसके साथ हन्नी सचदेवा शोज, कंसट्र्स और लाइव परफॉर्मेंस के कार्यक्रम भी प्रस्तुत करते हैं।

यूं तो संगीत के क्षेत्र में टी सीरीज जैसे बड़े ब्रांड हन्नी सचदेवा की कई सफल एलबम लॉन्च कर चुके हैं। जिन्हें मनोरंजन के क्षेत्र में काफी सफलता मिली है। लेकिन अभी हाल ही में हन्नी सचदेवा के ऑफिसीरियल ब्रांड यूट्यूब चैनल में रिलीज की गई एलबम 'जिम वाली कुड़ी' ने उन्हें एक नई पहचान दी है। हन्नी सचदेवा इसका पूरा श्रेय सर्व शक्तिमान ईश्वर, अपने पिता और अपनी पूरी टीम को दे रहे हैं।

युवाओं के दिलों की धड़कन बन चुके हन्नी सचदेवा बेहद स्मार्ट और आकर्षक मॉडल भी हैं जिम वाली कुड़ी में हन्नी सचदेवा खुद लीड एक्टर के रूप में दुनिया के सामने आए हैं इस एलबम के माध्यम से उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल का प्रदर्शन कर दर्शकों का बेहद प्यार पाया है। इस वीडियो एल्बम में अभिनेत्री के रूप उनका साथ उज्जवल दुआ दे रही हैं। उज्जवल दुआ ने ही जिम वाली कुड़ी का किरदार बखूबी निभाया है इस एलबम की खास बात यह है कि गाने का संगीत भी खुद हन्नी सचदेवा ने ही दिया है जीतू गाबा ने गाने की मिक्सिंग और मास्टरिंग करके और भी निखार दिया है। वहीं इस एल्बम को तैयार करने में 6 महीने का समय लगा।

तीर्थ नगरी ऋषिकेश पहुंचने पर न्यू स्टार क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष के के सचदेवा एवं समाजसेवी शुभम राजपूत ने उभरते कलाकार हन्नी सचदेवा व उसके पिता भजन सम्राट बंटी सचदेवा का भव्य सम्मान व अभिनंदन किया। प्रांतीय अध्यक्ष के के सच देवा ने उन दोनों कलाकारों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको रुद्राक्ष की माला व गंगा जली भेंट की। इस अवसर पर गीता सचदेवा , मयंक चक्रवर्ती, ऐश्वर्या चक्रवर्ती सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मां ने डांटा, नाबलिग घर से लापता

संवाददाता

देहरादून। मां की डांट से क्षुब्ध नाबालिग घर से चला गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ममता पत्नी अवतार खरोला निवासी इन्द्र राष्ट्रीय बाल विकास आशा प्लाट छिददरवाला ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपने 15 वर्षीय पुत्र अनूप को किसी बात पर डांट दिया था जिसके बाद वह घर में बिना बताये कहीं चला गया है। उन्होंने उसको सभी सम्भावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 2022 विधानसभा चुनाव में विधायक प्रत्याशी रहे जाको भाई गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



नैनीताल। 2022 के चुनाव में हल्द्वानी से विधायक प्रत्याशी रहे राजेन्द्र प्रसाद उर्फ जाको भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजेन्द्र प्रसाद उर्फ जाको भाई सट्टा कारोबार मामले में गिरफ्तार किये गये है।

जानकारी के अनुसार मंगलपड़ाव चौकी पुलिस एक सूचना के तहत रामपुर रोड स्थित फास्ट फूड वाली गली में गयी थी। इस दौरान पुलिस ने सट्टा लगाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा अपना नाम राजेन्द्र प्रसाद उर्फ जाको भाई बताया गया। जो विधानसभा चुनाव 2022 में विधायक प्रत्याशी रह चुका है। बताया जा रहा है कि जाको भाई पूर्व में भी चरस व स्मैक तस्करी में जेल की हवा खा चुका है।

# अग्निवीर भर्तीः पुलिस व आर्मी इंटेलीजेंस ने किया गोष्ठी का आयोजन

हमारे संवाददाता



पिथौरागढ़। जनपद पिथौरागढ़ में आगामी दिनों में होने वाली अग्निवीर भर्ती के मद्देनजर थाना जाजरदेवल पुलिस द्वारा आर्मी इंटेलीजेंस के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अग्निवीर भर्ती के दौरान फर्जी दस्तावेज वालों पर कड़ी निगरानी रखे जाने की बात कही गयी है।

आयोजित गोष्ठी के दौरान थाना जाजरदेव पुलिस व आर्मी इंटेलीजेंस में सहमति बनी कि भर्ती में फर्जी दस्तावेजों के साथ सम्मिलित होने वाले अराजक तत्वों पर स्थानीय पुलिस, अभिसूचना इकाई व आर्मी इंटेलीजेंस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जायेगी। उक्त भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों से जनपद पिथौरागढ़ पुलिस ने अपील की है कि, वह किसी भी अराजक तत्वों के बहकावे में न आयें, यदि कोई अराजक/संदिग्ध व्यक्ति प्रकाश में आये तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें। अग्निवीर भर्ती परीक्षा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर भी सोशल मीडिया के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। गोष्ठी में थानाध्यक्ष जाजरदेवल हरीश पुरी, आर्मी इंटेलीजेंस इन्चार्ज सुरेश कुमार सहित अन्य पुलिस व आर्मी के कर्मचारी मौजूद रहे।




## एक नजर

# नौसेना को मिला स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत

कोचीन । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत नौसेना को सौंप दिया है। साल 2009 में बनाना शुरू हुआ ये विमान 13 साल बाद नौसेना को मिल गया है। विक्रांत भारत में बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा युद्धपोत है और इसके निर्माण पर 20 हजार करोड़ रूपए से अधिक की लागत आई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने नौसेना के नए निशान का भी अनावरण किया। नौसेना के नए ध्वज से अंग्रेजों के जमाने का सेंट जॉर्ज क्रॉस हटा दिया गया है। इसके साथ ही देश को गुलामी की अंतिम मानसिकता के प्रतीक से छुटकारा मिल गया है। कोचीन में स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केरल के समुद्री तट पर पूरा भारत एक नए भविष्य के सूर्योदय का साक्षी बन रहा है। आईएनएस विक्रांत पर हो रहा यह आयोजन, विश्व क्षितिज पर भारत के बुलंद होते हौसलों की हुंकार है। उन्होंने कहा कि विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है। विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है।



# सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ को दी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली । तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत दे दी है। तीस्ता सीतलवाड़ को उनकी एनजीओ से जुड़े मामले को लेकर अहमदाबाद अपराध शाखा ने 25 जून को गिरफ्तार गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिला दो महीने से अधिक समय से हिरासत में है। पुलिस ने उनसे 7 दिन पूछताछ भी की है। हाई कोर्ट ने 19 सितंबर को जमानत पर सुनवाई की बात कही है। इस दौरान उसे अंतरिम जमानत देना उचित है। वह पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करें और जांच में सहयोग करें। इससे पहले बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ को दो महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखने के तरीके के बारे में चिंता जताते हुए सवाल किया था कि गुजरात उच्च न्यायालय ने जवाब मांगने के लिए छह सप्ताह के बाद का नोटिस कैसे जारी किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अगुवाई वाली पीठ ने यह भी कहा था कि इस मामले में ऐसा कोई अपराध नहीं है जिसके लिए जमानत नहीं दी जा सकती, वह भी एक महिला को।



# चौकीदारों को शिकार बनाने वाला सीरियल किलर गिरफ्तार

भोपाल । मध्य प्रदेश के सागर में सोते हुए सिक्योरिटी गार्डों की हत्या करने वाला सीरियल किलर राजधानी भोपाल से गिरफ्तार कर लिया गया है। सीरियल किलर ने चार सिक्योरिटी गार्ड की हत्या की है। आरोपी का नाम शिवप्रसाद है और वो सागर जिले के केसली का रहने वाला है। सीरियल किलर शिवप्रसाद ने चौकीदार शंभू शरण शर्मा की हत्या की है। जिसका मोबाइल फोन वो अपने साथ ले गया था। मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर ही सागर पुलिस ने भोपाल पहुंच कर उसे गिरफ्तार किया है। अब आगे की पूछताछ में सामने आ सकेगा कि शिवप्रसाद चौकीदारों की हत्या क्यों कर रहा था। सीरियल किलर शिवप्रसाद सागर में चौकीदारों की पत्थर से मारकर हत्या कर रहा था। बीते चार महीने में सागर में 4 चौकीदारों की हत्या हो चुकी है। एक ही पैटर्न से हो रही हत्यायों को लेकर सीरियल किलिंग की बात सामने आई थी। चौकादार की हत्या होने का सबसे पहला मामला 2 मई को सामने आया था। जिसमें मकरोनिया थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे सोते समय 58 साल के उत्तम रजक की नींद में हत्या कर दी गई।



# भर्तियों पर बुरी फंसी भाजपा

विशेष संवाददाता

देहरादून। परिवारवाद और भाई भतीजावाद पर विपक्षी दलों पर तीखे प्रहार करने वाली और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का नारा लगाने वाली भाजपा के लिए विधानसभा में हुई बैक डोर भर्तियों का मामला अब उसके लिए गले फंसी हड्डी बन गया है। राज्य के भाजपा नेताओं और पार्टी की छवि को खराब करने वाले इस मुद्दे को लेकर दून से दिल्ली तक चर्चाओं का बाजार गर्म है। मामले की सीबीआई जांच की मांग ने तूल पकड़ लिया है वहीं पूर्व स्पीकर को वित्त मंत्री पद से हटाने की गूंज भी चारों तरफ सुनाई देने लगी है।

माहौल बेहद गर्म है इस बीच प्रेमचंद्र अग्रवाल दिल्ली पहुंच गए हैं। कहां तो यह जा रहा है कि सीएम ने उन्हें किसी कार्यक्रम में अपने प्रतिनिधि के तौर पर भेजा है लेकिन राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि भाजपा हाईकमान द्वारा प्रेमचंद्र अग्रवाल को विधानसभा में हुई भर्तियों पर तलब किया गया है। सूत्रों से मिली



जानकारी के अनुसार इस अत्यंत ही गंभीर मुद्दे पर भाजपा हाईकमान सख्त नाराज है। भाजपा नेताओं के बच्चों और

**❑पूर्व स्पीकर प्रेमचंद पहुंचे दिल्ली**
**❑नैतिक आधार पर दे सकते हैं इस्तीफा**

उनके रिश्तेदारों को अनुचित तरीके से दी गई इन नौकरियों के कारण भाजपा की सबका साथ सबका विकास और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस तथा भाई भतीजावाद की नीतियों को गहरी चोट पहुंची है।

अग्रवाल से हाईकमान के क्या सवाल जवाब होंगे यह तो अलग बात है लेकिन वह इसके डैमेज कंट्रोल के लिए क्या कुछ कर सकते हैं? यह सवाल अब सबसे अहम हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्पीकर को लिखे पत्र के भावार्थ भी यही निकाले जा रहे हैं कि भाजपा ने प्रेमचंद्र अग्रवाल से अपने हाथ खींच लिए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इन नियुक्तियों की जांच कराने और अवैध पाए जाने पर रद्द करने की बात कहना साफ बताता है कि भाजपा हाईकमान का रुख सख्त है। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा आम है कि हाईकमान द्वारा उन्हें नैतिकता के आधार पर वित्त मंत्री पद से इस्तीफा देने का फरमान भी सुनाया जा सकता है।

इस सबके बीच अब स्पीकर रितु खंडूरी जो अभी दिल्ली में ही है उनका फैसला क्या होगा इस पर भी सभी की नजरें लगी हुई है। रितु खंडूरी को पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा जो रास्ता सुझाया जाएगा सीधे तौर पर उन्हें भी उसके अनुरूप ही फैसला लेना होगा। संभावना यह भी जताई जा रही है कि वह इस मामले की सीबीआई जांच कराने की पहल भी करें। लेकिन यह सब आने वाले एक-दो दिनों में ही साफ हो सकेगा जब वह दून वापस लौट आएंगी।

# मां से गाली गलौच करने वाले बेटे पर केस दर्ज

संवाददाता

देहरादून। मां के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टर्नर रोड निवासी सावित्री रावत ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा अशोक आये दिन उसके साथ गाली गलौच करता रहता है। आज भी उसने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ईट लेने के नाम पर ठगे 99 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। ईट लेने के नाम पर गूगल पे के बहाने खाते की जानकारी लेकर 99 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजावाला निवासी नवीन कश्यप ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर कॉल आयी और कॉल करने वाले ने अपना नाम डा. अमित अरोडा बताया। उसने उससे ईंट खरीदने की बात कही तथा उसका गूगल पे नम्बर लिया तथा कुछ अन्य जानकारी भी ली। उसने जैसे ही गूगल पे नम्बर व खाते से सम्बन्धित जानकारी दी तो उसके खाते से 99 हजार 999 रूपये निकल गये।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामलें में अब कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता


देहरादून। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ द्वारा अब राजकीय पालीटेक्निक हिंदोलाखाल में नियुक्त एक कनिष्ठ सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया है। कनिष्ठ सहायक सहित एसटीएफ इस मामले में अब तक 32 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एसटीएफ एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने राजबीर निवासी लक्सर हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजबीर वर्तमान में राजकीय



पालीटेक्निक हिदोंलखाल में कनिष्ठ सहायक पद पर तैनात है। आरोप है कि कनिष्ठ सहायक राजबीर द्वारा हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के कुछ परीक्षार्थियों को साथ ले जाकर धामपुर में नकल के सेंटर में प्रश्न पत्र लीक कराया गया था। आरोपी को गवाहों के बयान एवं टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ द्वारा पेपर लीक प्रकरण में यह 32वीं गिरफ्तारी है।

# शिकारी जॉय हुकिल ने किया आदमखोर गुलदार का शिकार



पौड़ी (सं)। 27 जुलाई की शाम ग्राम बड़ैत, ब्लॉक थैलीसैन, जिला पौड़ी गढ़वाल में एक घर के आँगन से एक 5 वर्षीय मासूम बच्चे को गुलदार उठा कर ले गया और अपना निवाला बना दिया। वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद भी ये आदमखोर गुलदार पकड़ में नहीं आया।

गुलदार का आतंक बढ़ता देख वन विभाग ने इस आदमखोर गुलदार को मारने के आदेश जारी करते हुए महशूर शिकारी जॉय हुकिल को ये जिम्मेदारी सौंपी। 15 दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद शिकारी जॉय हुकिल गुलदार को बेअसर करने में कामयाब हुए। अपनी जान की परवाह किए बगैर जॉय हुकिल अब तक 44 आदमखोर को बेअसर करने में कामयाब रहे हैं।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*